# Rapid Fire करेंट अफेयर्स (22 February)

- हर वर्ष 21 फरवरी को **अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस** (International Mother Language Day) का आयोजन किया जाता है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर में भाषायी और सांस्कृतिक विविधता तथा बहुभाषिता का प्रसार करना है। 1952 में भाषा आंदोलन के दौरान अपनी मातृभाषा के लिये शहीद हुए युवाओं की स्मृति में यूनेस्को ने 1999 में 21 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2000 में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस आयोजित किया था। इस वर्ष की थीम Indigenous Languages as a Factor in Development, Peace and Reconciliation रखी गई है।
- नेपाल की राजधानी काठमांडू में एक महीने तक चलने वाले **Festival of India** शुरू हो गया है। इसका आयोजन स्वामी विवेकानंद कल्चरल सेंटर और भारत सांस्कृतिक मंत्रालय मिलकर कर रहे हैं। फेस्टिवल ऑफ इंडिया का आयोजन भारत और नेपाल के बीच संबंधों को और मज़बूत करने के लिये किया गया है। गौरतलब है कि भारत के पाँच राज्यों (उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और सिक्किम) की सीमा नेपाल से लगती है और नेपाल में होने वाली हलचल से भारत भी प्रभावित होता है।
- त्रिपुरा की राजधानी अगरतला से लगभग 10 किमी. दूर **तुलाकोना में राज्य के पहले मेगा फूड पार्क** की शुरुआत हो गई है। 85 करोड़ रुपए की लागत से बने इस फूड पार्क से लगभग 30 हजार लोगों के लिये रोज़गार के अवसर उपलब्ध होने की संभावना है। यह देश में अपनी तरह का 18वाँ फूड पार्क है जो खाद्य प्रसंस्करण और संबद्ध उद्योगों के लिये उत्कृष्ट बुनियादी सुविधाएँ प्रदान करेगा। साथ ही यह फार्म मार्केट और केंद्रीकृत प्रसंस्करण केंद्रों के माध्यम से वैल्यू चेन को तैयार करने में सहायक बनेगा। इस फूड पार्क की स्थापना कोलकाता स्थित सिकारिया मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड ने की है।
- केंद्र सरकार ने 12 सरकारी बैंकों के लिये 48,239 करोड़ रुपए का पैकेज देने का ऐलान किया है। वित्त वर्ष 2019-20 में इन 12 बैंकों के पुनर्पूंजीकरण (Recapitalization) की मांग को मानकर यह कदम उठाया गया है। इससे बैंकों को अपनी योजनाओं को पूरा करने में आसानी होगी। सरकार के इस एलान के बाद कॉर्पोरेशन बैंक को 9086 करोड़ रुपए और इलाहाबाद बैंक को 6896 करोड़ रुपए दिये जाएंगे। ये दोनों बैंक रिज़र्व बैंक के Prompt Corrective Action (PCA) की निगरानी में बेहतर प्रदर्शन करने वाले माने गए हैं। इस पूंजीगत सहायता से बैंकों को अनिवार्य नियामकीय पूंजी के स्तर को बनाए रखने में मदद मिलेगी, साथ ही PCA से बाहर निकलने में भी आसानी होगी। पिछले महीने ही रिज़र्व बैंक ने बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ महाराष्ट्र और ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स को PCA से बाहर कर दिया था। गौरतलब है कि कुल 21 सरकारी बैंकों में से 11 बैंकों को रिज़र्व बैंक ने PCA में डाल दिया था, जिसके बाद इन पर ऋण देने और नई शाखाएँ खोलने पर रोक लग गई थी। इन बैंकों को बढ़ते NPA और घाटे की वज़ह से PCA में डाला गया था।
- स्वदेश निर्मित हल्के युद्धक विमान **तेजस** को अंतिम परिचालन मंज़ूरी मिल गई है। अब इस युद्धक विमान में हथियारों के इंटीग्रेशन का रास्ता साफ हो गया है और इसे वायुसेना के ऑपरेशनल यूनिट में तैनात किया जा सकेगा। वायुसेना के बेड़े में 'तेजस' को नंबर-45 स्क्वाड्रन के तौर पर शामिल किया गया और इसे फ्लाइंग डैगर्स नाम दिया गया है। फिलहाल कुल 123 विमानों को मंज़ूरी दी गई है। इस विमान का डिज़ाइन तैयार करने में 20 साल का समय लगा। 'तेजस' का विकास रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने किया है।
- केरल पुलिस में भारत का पहला रोबोकॉप शामिल किया गया है। यह एक मानव जैसा (Humanoid) रोबोट है, जिसे सब-इंस्पेक्टर **केपी-बोट** नाम दिया गया है। केरल पुलिस इस रोबोट का इस्तेमाल पुलिस मुख्यालय में उपलब्ध सेवाओं की जानकारी देने में करेगी। यह रोबोकॉप यहाँ आने वाले आगंतुकों की शिकायतों का रिकॉर्ड रखेगा, जिसे कभी भी देखा जा सकेगा। भविष्य में केपी-बोट को विस्फोटकों की पहचान करने में सक्षम रोबोट के तौर पर भी विकसित करने की योजना है। गौरतलब है कि दुबई पुलिस में 22 मई, 2017 को दुनिया के पहले रोबोट पुलिस अधिकारी की नियुक्ति हुई थी, जिसका नाम रोबोकॉप था। यह लोगों से बातचीत करने, छह भाषाएँ बोलने, लोगों के प्रश्नों के उत्तर देने और उन्हें सैल्यूट करने में सक्षम है। केपी-बोट को दुनिया का चौथा रोबोट पुलिसकर्मी बताया जा रहा है।
- हाल ही में भारत दौरे पर आए सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस से हुई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वार्ता के बाद सऊदी अरब ने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन के लिये रूपरेखा समझौते पर हस्ताक्षर किये। सऊदी अरब ऐसा करने वाला 73वाँ और सातवाँ ओपेक (तेल निर्यातक देशों का संगठन) देश बन गया। अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन का उद्देश्य दुनियाभर में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना तथा ऊर्जा के क्षेत्र में आने वाली बाधाओं को कम या दूर कर 2030 तक करीब 1,000 गीगावॉट की सौर ऊर्जा मुहैया कराना है। यह विश्व का पहला ऐसा संगठन है जिसका सचिवालय भारत में है। गौरतलब है कि इससे कुछ ही दिन पहले अर्जेंटीना अंतर्राष्ट्रीय सौर संगठन का 72वाँ सदस्य बना था।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने IIT-BHU में सुपर कंप्यूटर **परम शिवाय** का लोकार्पण किया। नेशनल सुपर कंप्यूटिंग मिशन के तहत बने इस सुपर कंप्यूटर का निर्माण सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (C-DAC) ने किया है। लगभग 32.5 करोड़ रुपए की लागत से बना 833 टेराफ्लॉप क्षमता का यह सुपर कंप्यूटर महीनों का अनुसंधान कार्य घंटों में पूरा करने में सक्षम है। नेशनल सुपर कंप्यूटिंग मिशन का लक्ष्य भारत को सुपर कंप्यूटिंग के क्षेत्र में विश्व के अग्रणी देशों में शामिल करना तथा राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने के लिये भारत की क्षमता को बढ़ाना है। साथ ही वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को सुपर कंप्यूटिंग सुविधाओं से लैस कर संबंधित क्षेत्रों में शोध को बढ़ावा देना है।
- केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा युवा मामले और खेल विभाग के राज्यमंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौर ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित एक समारोह में **सातवें राष्ट्रीय फोटोग्राफी पुरस्कार** प्रदान किये। इन पुरस्कारों के लिये व्यावसायिक श्रेणी का विषय **Women Led Development** और एमेच्योर श्रेणी का विषय **Fairs and Festivals of India** रखा गया था। कुल मिलाकर 13 पुरस्कार दिये गए,

जसिमें तीन लाख रुपए के नकद पुरस्कार वाला एक लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार भी शामलि है। इसके अलावा, प्रोफेशनल फोटोग्राफर और प्रत्येक श्रेणी के एमेच्योर फोटोग्राफर को क्रमशः एक लाख रुपए और 75 हज़ार रुपए का नकद पुरस्कार दयिा जाता है। साथ ही, प्रोफेशनल और एमेच्योर दोनों श्रेणयिों में क्रमशः 50 हज़ार और 30 हजार रुपए के नकद पुरस्कार के साथ पाँच वशिष उल्लेख (Special Mention) पुरस्कार भी दयि जाते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-february-22